दिन– रविवार दिनांक– 13 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में जारी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान अब तक लगभग अस्सी प्रतिशत लोगों ने जमा किये गणना प्रपत्र।

02. आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के घटक दलों की बैठक पटना में आयोजित हुई। सीट बंटवारे, साझा घोषणा पत्र समेत अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा।

03. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– राज्य के सभी जिलों में लगाया जायेगा स्वास्थ्य मेला। पटना में आयोजित स्वास्थ्य मेले में दस हजार से अधिक मरीजों का हुआ इलाज।

04. और, सावन की पहली सोमवारी कल। भागलपुर के सुल्तानगंज गंगा घाट और सारण के पहलेजा घाट पर डाक बमों की भीड़ जुटनी शुरू।

---

प्रदेश में जारी मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान अब तक लगभग अस्सी प्रतिशत से अधिक लोगों ने गणना प्रपत्र जमा कर दिये हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण का अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। गणना प्रपत्र वितरण के बाद कुल मतदाताओं में से 80 प्रतिशत से अधिक ने गणना प्रपत्र जमा कर दिए हैं। राज्य में छह करोड़ बत्तीस लाख से अधिक मतदाताओं ने गणना पर पत्र जमा किए हैं। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर अधिक उत्साह देखा जा रहा है। नगर निगम और अन्य शहरी निकाय क्षेत्रों में एस आई आर के कार्य में तेजी के लिए अधिक संख्या में बूथ लेवल ऑफिसर्स को लगाया गया है। पटना नगर निगम क्षेत्र में सफाई कर्मियों को गणना प्रपत्र जमा करने के काम में लगाया गया है। वे फार्म कलेक्शन में ठस्२ को सहयोग कर रहे हैं। पटना शहर के दीघा विधानसभा क्षेत्र में 64ः और कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र में 67ः गणना प्रपत्र जमा हुए हैं । इसे देखते हुए और सघन अभियान चलाया जा रहा है धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना

आयोग ने बताया कि पहली अगस्त को प्रकाशित होने वाली अस्थायी सूची में नाम शामिल कराने के लिए, मतदाताओं को वांछित दस्तावेजों के साथ फॉर्म भरना होगा। ज़रूरी होने पर मतदाता को दस्तावेज़ जमा करने के लिए तीस अगस्त तक का समय दिया जा सकता है। गणना फार्म जमा करने में अभी बारह दिन शेष हैं। इस बीच, आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण में बीस जुलाई से बूथ लेवल अधिकारी एक बार फिर घर–घर जाकर मतदाताओं

से गणना फॉर्म एकत्र करेंगे। गणना प्रपत्र जमा करने के लिए आज सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

---

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी महागठबंधन के घटक दलों की बैठक कल पटना में हुई। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने महागठबंधन समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। श्री यादव, महागठबंधन के छह दलों के बीच सीट बंटवारे और अन्य मुद्दों पर चर्चा और अंतिम रूप देने के लिए गठित समन्वय समिति के अध्यक्ष भी हैं। बैठक के बाद श्री यादव ने बताया कि चर्चा मुख्य रूप से घटक दलों के बीच सीट बंटवारे पर केंद्रित रही। गठबंधन के एक अन्य घटक विकासशील इंसान पार्टी, वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि समन्वय समिति के साथ–साथ सभी उप–समितियों की बैठकें भी हुईं। उन्होंने बताया कि बैठक में चुनाव की रणनीतियों पर चर्चा हुई। बैठक में राजद के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी, बीपीसीसी के अध्यक्ष राजेश कुमार, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और वामपंथी दलों के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इधर, बैठक के बाद महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि राज्य में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की हकीकत की जानकारी गांव–गांव जाकर लोगों को दी जायेगी।

---

राज्य के सभी जिलों में स्वास्थ्य मेला लगाया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पटना में आयोजित स्वास्थ्य मेला के समापन समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि इस मेले से लोगों को काफी लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि विभाग ने राज्य के अन्य स्थानों पर भी स्वास्थ्य मेले का आयोजन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान लोगों ने रक्त दान भी किया साथ ही बारह सौ छह लड़कियों को कैंससरोधी एचपीवी का टीका लगाया गया है। वहीं, मेले में दस हजार से अधिक मरीजों ने जांच और इलाज कराया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जन सामान्य को गणुवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिले।

---

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत में पारंपरिक चिकित्सा और ख़ासकर आयुष पद्धति के साथ यांत्रिक मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को जोड़े जाने को एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। संगठन ने अपनी पहली तकनीकी रिपोर्ट में कहा है कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है।

---

राज्य में नौ से चौदह वर्ष की छात्राओं को कैंसररोधी ह्यूमन पेपीलोमा वायरस, एचपीवी का टीका लगाया जायेगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला ने बताया कि इसके लिए सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के साथ मदरसों में भी बालिकाओं को टीका लगाने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्कूल के एक शिक्षक को इस कार्य के लिए नोडल कर्मी नियुक्त किया जायेगा।

---

राज्य में आंगनबाड़ी केन्द्रों में अब प्ले स्कूल की तरह कक्षाएं संचालित की जायेगी। इसके लिए प्रत्येक दिन तीन कक्षाएं होंगी और बच्चों की उपस्थिति दर्ज की जायेगी। समाज कल्याण विभाग की सचिव वंदना प्रेयषी ने बताया कि इससे बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित होगी। सचिव ने कहा कि केन्द्रों पर बच्चों को खिलौने दिये जायेंगे और अन्य गतिविधियां भी करायी जायेंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केन्द्र के बच्चों को उनके आयु वर्ग के अनुसार बांटा जा रहा है।

---

बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड ने पाठ्यक्रम में बदलाव किया है। बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने बताया कि विद्यार्थियों को अब रामचरित्र मानस और गीता भी पढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा कि दशरथ मांझी, भिखारी ठाकुर और विद्यापति का जीवन परिचय भी छात्रों को बताया जायेगा। बोर्ड के सचिव नीरज कुमार ने कहा कि स्वीकृति प्राप्त संस्कृत विद्यालयों के पहली से आठवीं कक्षा के छात्र–छात्राओं को दो हजार पच्चीस–छब्बीस में पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराने के लिए सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा गया है।

---

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर संकायों में आज से नामांकन की ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। छात्र अट्ठाईस जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने नियोजित शिक्षकों के लिए आयोजित होने वाली चौथी और पांचवीं सक्षमता परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि जारी कर दी है। अभ्यर्थी उन्नीस जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि शिक्षकों को आवेदन के साथ ग्यारह सौ रूपये जमा करना होगा।

---

सावन की पहली सोमवारी कल है। इस अवसर पर भागलपुर जिले के सुल्तानगंज गंगा घाट पर डाक बमों की भीड़ जुटनी शुरू हो गयी है। कांवड़ियां एक

सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। जिला प्रशासन ने डाक बमों को प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए कई स्थानों पर शिविर की बनाया है। इन शिविरों में हर प्रकार की सुविधा दी जा रही है। वहीं, सारण जिले के पहलेजा घाट से गंगाजल लेकर डाक कांवरियां हाजीपुर होते हुये मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीबनाथ मंदिर तक जाते हैं। इन काँवरियों की सुविधा के लिए वैशाली जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। प्रत्येक शनिवार को सुबह छह बजे से सोमवार दोपहर दो बजे तक हाजीपुर से मुजपफरपुर जाने वाले सभी चार पहिया वाहन हाजीपुर के रामाशीष चौक से अंजान पीर, लालगंज, वैशाली, सरैया होते हुये मुजफ्फरपुर जायेंगे। जिला प्रशासन ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक शनिवार को दोपहर तीन बजे से रविवार मध्य रात्रि तक पुराने गंडक पुल पर चार पहिया और तीन पहिया वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। इधर, पहली सोमवारी को लेकर प्रदेश के शिवालयों में भी विशेष तैयारी की जा रही है।

———————————————————

राज्य में दक्षिण–पश्चिम मानसून कमजोर पड़ गया है। इसके कारण पिछले चौबीस घंटों के दौरान मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि राज्य के पश्चिमी और दक्षिण–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गयाजी और नवादा जिले में भी एक–दो स्थानों पर तेज हवा और हल्की बारिश हो सकती है।

———बाइट———

———————————————————

राज्य के जाने माने पैरा एथलीट शैलेश कुमार ने बेंग्लुरू में आयोजित सातवीं इंडियन ओपेन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में टी–फोर्टी–टू वर्ग के हाई जम्प प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक जीता है। शैलेश की इस उपलब्धि पर विभिन्न खेल संगठनों ने प्रसन्नता जतायी है।

इधर, पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्टस कॉम्लेक्स में इक्यानवेवीं बिहार राज्य जूनियर और सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता खेली जा रही है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन बालिका वर्ग की पांच हजार मीटर दौड़ में पटना की नीतू कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, सारण की जागृति सिंह ने अंडर ट्वेंटी बालिका वर्ग के चक्का फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंडर ट्वेंटी थ्री बालिका वर्ग ट्रिपल जंप स्पर्धा में पटना की निक्की कोयरी ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

———————————————————

सिवान जिले के जामो थाना क्षेत्र के बेलडीहा गांव में नहाने के दौरान तालाब में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई।

---

पटना जिले के पीपरा थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव में अपराधियों ने भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र केवट की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

---

सीतामढ़ी जिले के नगर थाना क्षेत्र के मेहसौल चौक के पास एक व्यवसायी की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने बताया कि सीसीटीवी के जरीए अपराधियों की पहचान की जा रही है।

---

अररिया जिले के महलगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत करियात कैंप के पास से पच्चीस हजार रूपये के इनामी अपराधी विनोद राठौर उर्फ विनोद यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अपराधी के पास से दो किलो गांजा, एक देसी कट्टा, कारतूस और मोबाइल बरामद किया गया है।

---

पटना जिले के खगौल थाना क्षेत्र की पुलिस ने शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरो को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान नें अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की जांच रिपोर्ट को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– एयर इंडिया का विमान कैसे गिरा, अब भी राज।

दैनिक जागरण ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पर शीर्षक दिया है– बिहार के बाद देशभर में मतदाता सूची का होगा पुनरीक्षण, बंगाल, तमिलनाडु सहित पांच राज्यों में अगले माह से।

दैनिक भास्कर ने इंडिया एलायंस कॉर्डिनेशन कमिटी की पांचवीं बैठक पर लिखा है– पन्द्रह अगस्त तक सीट बंटेंगी, रालोजपा–झामुमो भी शामिल।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– चार लेन की होगी बिहटा–दानापुर एलिवेट सड़क। आज अखबार की सुर्खी है– तेजी से बदल रही

है इक्कीसवीं सदी में रोजगार की प्रकृति। राष्ट्रीय सहारा ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के पन्द्रह जुलाई को वापस लौटने को बड़ी खबर बनाया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में जारी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान अब तक लगभग अस्सी प्रतिशत लोगों ने जमा किये गणना प्रपत्र।

02. आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के घटक दलों की बैठक पटना में आयोजित हुई। सीट बंटवारे, साझा घोषणा पत्र समेत अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा।

03. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– राज्य के सभी जिलों में लगाया जायेगा स्वास्थ्य मेला। पटना में आयोजित स्वास्थ्य मेले में दस हजार से अधिक मरीजों का हुआ इलाज।

04. और, सावन की पहली सोमवारी कल। भागलपुर के सुल्तानगंज गंगा घाट और सारण के पहलेजा घाट पर डाक बमों की भीड़ जुटनी शुरू।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।